हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 19 अगस्त 2026

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 बदलाव से युवाओं में जागा आत्मविश्वास, व्यक्तित्व...



12 शिवरीनारायण में श्रावण झूला महोत्सव का शुभारंभ





हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
19 अगस्त 2026
कूपन नं. 12

# बदहाल सड़क और यातायात व्यवस्था के खिलाफ अब आंदोलन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

यहां के शहरवासी पहले से ही बदहाल यातायात व्यवस्था से परेशान हैं। वहीं जर्जर सड़कों और जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। लगातार बढ़ती समस्याओं से नाराज नागरिक अब आंदोलन के रास्ते पर जाने की तैयारी में हैं। इसके लिए जल्द ही शहर संघर्ष समिति का गठन किया जाएगा। समिति के नेतृत्व में शहर बंद और बड़े आंदोलन की तैयारी की जा रही है। शहर की कई प्रमुख सड़कों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोग अब इन रास्तों से गुजरने से भी बचने लगे हैं।

सड़कों पर बने गड्ढों की स्थिति यह है कि एक गड्ढे से बचने की कोशिश में वाहन चालक दूसरे गड्ढे में जा गिरते हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए तो यह समस्या और भी गंभीर बनी हुई है।

## जल्द होगा शहर संघर्ष समिति का गठन, इसके बाद शहर बंद और बड़े आंदोलन की रणनीति

### सुनवाई नहीं होने का आरोप

नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन के सामने बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि जिन सड़कों की हालत बेहद खराब है, उन्हीं रास्तों से पार्षदों, अधिकारियों और नगर पालिका के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों-कर्मचारियों के वाहन भी गुजरते हैं, इसके बावजूद सड़क सुधार के नाम पर केवल मलबा डालने की कार्रवाई की जा रही है।





### मलबे से हो रही खानापूर्ति

सड़कों के गड्ढों को भरने के लिए नगर पालिका की ओर से मलबा डाले जाने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। लोगों का कहना है कि बारिश का हवाला देकर सड़क मरम्मत से बचा नहीं जा सकता। गड्ढों में मलबे की जगह बजरी आदि डालकर भी अस्थायी राहत दी जा सकती है।

### स्टेशन रोड पर भारी वाहनों का दबाव

शहर की यातायात व्यवस्था भी लगातार बिगड़ती जा रही है। क्षेत्र में लगातार नए संयंत्र खुलने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी वाहन स्टेशन रोड से गुजर रहे हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि भारी वाहनों के शहर में प्रवेश और आवाजाही के लिए समय सीमा निर्धारित की जाए, ताकि आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। इसके साथ ही दुकानों के बाहर सड़क तक सामान रखने वाले दुकानदारों पर भी कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 829.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार** | जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 18 अगस्त तक 829.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1077 मिमी, बलौदाबाजार में 933.7 मिमी, पलारी में 833.3 मिमी, लवन में 830.1 मिमी, सिमगा में 784.9 मिमी, सुहेला 780.6 मिमी, भाटापारा में 768 मिमी, कसडोल 745.3 मिमी एवं सोनाखान 701.1मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 7463 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 829.2 मिमी है।

### शिव महापुराण में बेलपत्र, रुद्राक्ष महिमा और नारद चरित्र का वर्णन



भटगांव। केसरवानी मंगल भवन में आयोजित नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन श्री श्री 1008 श्री पवन कुमार महाराज जी ने बेलपत्र, रुद्राक्ष की महिमा और नारद चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज जी ने बताया कि शिव पूजन में बेलपत्र अर्पित करने से महादेव शीघ्र प्रसन्न होते हैं और सभी तीर्थों के समान पुण्य प्राप्त होता है। रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के अश्रुओं से हुई है। इसे धारण करने से पापों का नाश होता है और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। पंचाक्षर महामंत्र 'ओम नमः शिवाय' का निरंतर जाप जीवन के समस्त कष्टों और रोगों को हरने वाला है। कथा के दौरान प्रधान पाठक पंकज दुबे, शिक्षक विमल पटेल, गोपाल साहू, नत्थू केसरवानी, पुष्पराज केसरवानी, प्रवेश दुबे, राममनोहर गुप्ता, दुर्गेश केसरवानी, टेकचंद केसरवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### व्यायाम शिक्षकों को वीएसके एप से मिली छूट

**खरोरा**। छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ की मांग पर लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा व्यायाम शिक्षकों को खेलकूद गतिविधियों व मैदानी ड्यूटी के दौरान वी.एस.के. वीएसके ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने में व्यवहारिक राहत देने का आदेश जारी कर दिया गया है। शासन के इस संवेदनशील एवं त्वरित निर्णय का संघ ने सहर्ष स्वागत करते हुए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रितेश सिंह एवं प्रदेश सचिव मृत्युंजय शर्मा ने संयुक्त रूप से हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि व्यायाम शिक्षकों की विशेष कार्य-प्रकृति, मैदानी ड्यूटी और अन्य विभागों के साथ खेल आयोजनों के संचालन को ध्यान में रखते हुए यह एक अत्यंत व्यावहारिक और राहत देने वाला कदम है। संघ द्वारा उठाई गई समस्या को गंभीरता से सुनने और समय रहते इसका उचित समाधान निकालने के लिए संघ पूरे व्यायाम शिक्षक समुदाय की ओर से राज्य सरकार, स्कूल शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त करता है।

## हादसा : चालक गंभीर रूप से घायल

# अंडरब्रिज में घूसा सीमेंट भरा ट्रेलर, उखड़ा गर्डर, दुर्घटना टली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर में सोमवार की रात लगभग 2 बजे सीमेंट से भरा एक ट्रेलर 16 चक्का सीजी 04 एनपी 4515 हटरीबाजार रेल्वे अंडर ब्रिज से अपने वाहन ट्रेलर को निकालने के प्रयास में अंडर ब्रिज में लगे लोहे के मजबूत गार्डर को उखाड़ दिया, जिससे ट्रेलर के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में चालक राकेश सिंग, बुरी तरह घायल हो गया, जिसका प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया।

आरपीएफ टीआई एसके शुक्ला एवं उप निरीक्षक रजनेश कुर्रे ने बताया ट्रेलर सीमेंट लोड कर बलौदाबाजार से नागपुर की ओर जा रहा था। उनके द्वारा संभावना व्यक्त की जा रही है कि पटपर नाका पहुंचने के बाद संभवतः चालक रास्ता भटक गया और ओवर ब्रिज की ओर ना जाकर शहर के अंदर अंडर ब्रिज वाला रास्ता पकड़ लिया, चूंकि रात का समय सूनसान सड़क होने के कारण वाहन की गति भी सामान्य से अधिक रही होगी और अंडरब्रिज के पास पहुंचते ही ढालना में चालक जब तक कुछ समझ पाता वाहन अनियंत्रित होकर सीधे लोहे के गार्डर से जा टकराया। बुरी तरह गार्डर और ट्रेलर के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

### अंडरब्रिज में फंसे ट्रक को हटाने में जुटा रेलवे अमला




### आरपीएफ-शहर पुलिस ने संभाला मोर्चा

घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ और शहर पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंची और घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना के बाद अंडर ब्रिज से ट्रक को हटाने के काम में रेल्वे का अमला जुट गया। दोपहर 12 बजे लोहे का गार्डर और ट्रेलर को हटाया गया, उसके बाद इस मार्ग पर आवागमन शुरू हुआ। रेल प्रशासन ने रेल्वे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

# गांव-गांव पहुंचेगा पॉक्सो और पोश कानून का जागरूकता संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

महिलाओं और बालिकाओं को यौन उत्पीड़न से जुड़े कानूनों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गृहणी स्वयंसेवी संस्था ने पॉक्सो एवं पोश अधिनियम को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं तक कानून की जानकारी पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ उत्पीड़न की घटनाएं सामने आती रहती हैं, लेकिन कानूनी अधिकारों और शिकायत की प्रक्रिया की पर्याप्त जानकारी नहीं होने के कारण कई पीड़ित आवाज नहीं उठा पाते। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए संस्था ने पंचायत स्तर, स्वयं सहायता समूहों और स्कूलों तक जागरूकता अभियान पहुंचाने का निर्णय लिया है।

■ जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं को जानकारी पहुंचाने कार्ययोजना तैयार

अभियान के प्रथम चरण की कार्ययोजना को लेकर गृहणी संस्था के महिला सशक्तिकरण भवन कुथरौद में बैठक आयोजित की गई। इसमें संस्था के कार्यकारिणी सदस्य, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, जनपद एवं जिला पंचायत के अधिकारी तथा करीब 50 महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में गृहणी संस्था की प्रमुख रूपा श्रीवास्तव ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन, प्रिंटेड सामग्री, गेम्स और रोल-प्ले के माध्यम से प्रतिभागियों को पॉक्सो एवं पोश अधिनियम के प्रावधानों, अधिकारों और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी।

### गांवों में तैयार होंगे विषय विशेषज्ञ

संस्था की कार्ययोजना के तहत प्रत्येक गांव में ऐसे विषय विशेषज्ञ तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है, जो स्थानीय स्तर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को आवश्यक जानकारी और सहायता उपलब्ध करा सकें। साथ ही ब्लॉक स्तर पर संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी नेटवर्क तैयार करने की योजना है। संस्था की प्रमुख रूपा श्रीवास्तव ने कहा कि कार्ययोजना को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार समय-समय पर और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उनका कहना है कि अभियान का उद्देश्य जागरूकता के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाना और महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना है।

# वंदेमातरम का अपमान, विरोध में भाजपा ने निकाली मशाल यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा हमारे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के किए गए अपमान के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा जिला द्वारा मशाल यात्रा अटल चौक पर निकाली गई एवं सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बलौदाबाजार के पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष प्रणम्य पांडे, महामंत्री द्वय प्रशांत यादव, सतीश सोनी, तीनों प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश शर्मा, असीम विश्नोई, नीरज परगनिहा, जिला के पदाधिकारी एवं युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बलौदाबाजार शहर तरुण वर्मा, भाटापारा शहर पीयूष साहू, कौशलपुर रोशन साहू, कटगी राजेंद्र साहू सभी मंडल के पदाधिकारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भारी वाहन चालकों को नशे से दूर रहने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और बारिश के दौरान सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस ने 18 अगस्त को छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन एवं जय मां खल्लारी वाहन चालक संघ के पदाधिकारियों के साथ जागरूकता बैठक की। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में आयोजित बैठक में भारी वाहन चालकों को नशे से दूर रहने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई।

बैठक में रात के समय हाई-बीम लाइट के अनियंत्रित उपयोग पर रोक, वाहनों में पार्किंग-बैक लाइट एवं रेडियम पट्टी लगाने, स्पष्ट नंबर प्लेट लगाने और निर्धारित वर्दी में ड्यूटी करने पर जोर दिया गया। चालकों के नियमित स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कराने की बात भी कही गई।

यातायात पुलिस ने अर्जुनी एफसीआई, इमामी सीमेंट फैक्ट्री, बस स्टैंड और बलौदाबाजार एफसीआई क्षेत्रों में वाहनों की लगातार जांच जारी रखने की जानकारी दी। संघ के जिला संगठन मंत्री रवि दास ने नियमों के पालन का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष सीताराम निषाद ने चालकों से नशे से दूर रहने और सड़क सुरक्षा अभियान में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।



# मंत्रियों और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने ली जागरूकता की एक सेल्फी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी के प्रति लोगों को जागरूक करने छत्तीसगढ़ पुलिस का 'साइबर जागृति अभियान' जारी है। 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चल रहे अभियान के तहत शुरू की गई 'जागरूकता की एक सेल्फी' पहल में मंगलवार को बलौदाबाजार प्रवास के दौरान कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल शामिल हुए।

जनप्रतिनिधियों ने अभियान के आधिकारिक क्यूआर कोड को स्कैन कर जागरूकता की सेल्फी ली और इसे सोशल मीडिया पर साझा करते हुए प्रदेशवासियों से अभियान से जुड़ने की अपील की। पुलिस के अनुसार पहल का उद्देश्य डिजिटल सुरक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता बढ़ाना और साइबर अपराध मुक्त छत्तीसगढ़ के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

## शक्कर 60 तो गुड़ 70 रुपए किलो पहुंचा

# शक्कर और गुड़ के दाम बढ़े, गरीब और मध्यम वर्ग पर बढ़ा महंगाई का भार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

त्योहारी सीजन के शुरू होते ही शक्कर और गुड में एक तरफा तेजी का रूख है। खुले बाजार में शक्कर 60 रुपए किलो और गुड़ 70 रुपए किलो जा पहुंचा है। शक्कर और गुड़ में अचानक एक माह में इतनी तेजी का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है, उपर जहां से शक्कर-गुड़ आता है, वहीं से बढ़े भाव में आ रहा है। वहीं दूसरी ओर इसकी आपूर्ति भी कम हो रही है और मांग बढ़ रही है। रक्षा बंधन का त्योहार भी सप्ताहभर में आने वाला है और इसके बाद लगातार त्योहारों का क्रम लगातार जारी रहेगा। शक्कर किराना व्यापारी का कहना है कि शक्कर और गुड में बीते कई वर्षों बाद इतनी तेजी का रूख देखा जा रहा है। इतनी तेजी कभी नहीं रही।



व्यापारी यह भी मान रहे हैं कि दीपावली तक शक्कर का भाव 75 रूपये किलो भी हो जाये तो कोई बड़ी बात नहीं है, क्योंकि शक्कर चाय काफी से लेकर मिठाई बनाने के साथ और भी कई तरह के उपयोग में आती है। गुड़ भी लोगों की पसंद बन चुकी है। गुड़ की चाय भी लोगों की पसंद हो गई है। इसके चलते कई होटलों में गुड़ की चाय ग्राहकों की डिमांड पर बनायी जाती है। गुड में भेली वाले गुड़ को लोग ज्यादा पसंद करते हैं, जो अभी 70 रूपये किलो बिक रहा है। अगर इसी तरह तेजी बनी रही तो गुड़ का भाव भी 80 रूपये से पार हो जायेगा।

### एथेनॉल के लिए गन्ना जाने से शक्कर-गुड़ महंगे

दूसरी ओर जो गन्ना-गुड़ शक्कर के लिए ज्यादातर उपयोग होता है।अब एथेनॉल बनाने के लिए जाने की वजह से भी शक्कर गुड़ के भाव में 15 से 20 रूपए की तेजी का कारण हो सकता है। शक्कर गुड़ जो कि हर घर में उपयोग में आने वाली चीज है, वहीं व्यापारी भी नित प्रतिदिन बढ़ती कीमतों को लेकर चिंतित है। उन्हें ग्राहकों को समझाने में मशक्कत करनी पड़ती है। बीते दो तीन दिनों में शक्कर में 2 से 3 रूपए की बढ़ोत्तरी हुई है।

# कचरा ई-रिक्शा के बाद डॉग कैचिंग वाहन भी बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद के शासकीय वाहनों के संचालन और रखरखाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कचरा संग्रहण ई-रिक्शा के कथित गैर-शासकीय उपयोग के बाद अब डॉग कैचिंग एवं वैक्सीनेशन के लिए उपलब्ध कराया गया वाहन क्षतिग्रस्त हालत में गैरेज में खड़ा मिला है। वाहन का अगला हिस्सा, बॉडी, विंडशील्ड और दरवाजा क्षतिग्रस्त हैं। नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद शेख सलमान ने मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि वाहन किसके आदेश पर बाहरी टीम को दिया गया, इसे कौन चला रहा था और चालक के पास वैध लाइसेंस था या नहीं, इसकी जांच जरूरी है। उन्होंने नाबालिग द्वारा वाहन चलाए जाने की जानकारी की भी जांच कराने की मांग की।

■ शासकीय वाहनों की निगरानी पर उठे सवाल




सलमान ने वाहन की लॉगबुक, मूवमेंट रजिस्टर और ड्यूटी रिकॉर्ड की जांच, क्षति का तकनीकी मूल्यांकन तथा जिम्मेदारी तय कर नियमानुसार वसूली की कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि शासकीय वाहनों का अनधिकृत उपयोग जनता के धन और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। कचरा ई-रिक्शा और डॉग कैचिंग वाहन दोनों मामलों की समग्र जांच कर वाहन संचालन व्यवस्था पारदर्शी बनाने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप



### पावस गोष्ठी में बरसा कविता का रंग

**पलारी।** समन्वय साहित्य परिवार, पलारी द्वारा पावस गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित कवियों ने वर्षा और सावन पर केंद्रित अपनी रचनाओं का पाठ कर वातावरण को साहित्यिक सरसता से भर दिया। पावस गोष्ठी में वर्षा, सावन, प्रकृति, शिव-आराधना, विरह और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाओं ने साहित्य के विविध रंगों को एक साथ उपस्थित किया। कवियों की प्रस्तुतियों ने गोष्ठी को आत्मीय और भावपूर्ण बना दिया।

### हाई स्कूल मांठ में स्वतंत्रता दिवस मना



**खरोरा।** शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष शेष नारायण वर्मा ने विद्यालय में झंडा फहराया, और बाल केबिनेट और इको क्लब के सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाया। झंडारोहण के पश्चात विद्यार्थीयों के द्वारा प्रभातफेरी का जुलूस निकाल कर गली भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष दुलारी वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, ब्र कु उमा दीदी के द्वारा सभी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न दान दाताओं से प्राप्त नकद राशि और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### प्रतिभावान छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित



**मुड़पार सरसीवां / बिलाईगढ़ ।** बीते दिनों बच्चे और हम एजुकेशन सोसाइटी बिलासपुर के तत्वावधान में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कलमीभाटा के छात्र-छात्राओं जिन्होंने शिक्षा सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उनका उत्साहवर्धन हेतु उन्हें प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथियों, समाज के बड़े बुजुर्ग एवं युवा सदस्यों के हाथों प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें कलमीभाटा के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 12वीं में अविनाश यादव प्रथम, कक्षा 10वीं नासिर कुर्रे प्रथम, ममता महिलाने द्वितीय, ज्योति घृतलहरे तृतीय, कक्षा 8वीं में रिया महिलाने प्रथम, नीतू साहू द्वितीय, प्रभात महिलाने तृतीय, कक्षा 5वी में प्रतीक महिलाने प्रथम, लिसा महिलाने द्वितीय, चेतना साहू द्वितीय एवं वंदना निषाद तृतीय तथा अन्य स्थानीय परीक्षाओं के विद्यार्थियों ने भी बहुत ही शानदार प्रदर्शन करके स्वयं, अपने परिवार, समाज एवं ग्राम बिलासपुर कलमीभाटा का मान बढ़ाया है।

### प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थी हुए पुरस्कृत



**खरोरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय आलेसुर से पिछले सत्र 2026 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को एनजीओ कारितास इंडिया के 'खुशहाल बचपन' कार्यक्रम के अंतर्गत पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें पुरस्कार प्रदान करते हुए उनकी मेहनत और उपलब्धि की सराहना की गई। इस अवसर पर 'खुशहाल बचपन' की कार्यकर्ता सरिता मधुकर, रुखसाना, कुसुमलता साहू एवं गीतांजलि यदु, विद्यालय के प्रधान पाठक युधिष्ठिर बुडेक तथा शिक्षक नरेन्द्र साहू एवं चंद्रशेखर रात्रे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आगे भी मन लगाकर अध्ययन करने तथा निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी।

### कलेक्टर ने सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

# बाल समुन्द जलाशय में होगा बाढ़ आपदा बचाव पर मॉक एक्सरसाइज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर बाढ़ आपदा से बचाव पर जिला स्तरीय मॉक एक्सरसाइज 20 अगस्त को पलारी स्थित बाल समुन्द जलाशय में किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समय - सीमा की बैठक मे मॉक एक्सरसाइज की तैयारी की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित विभाग के अधिकारियो को आवश्यक तैयारी के साथ मौक़े पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये।

मॉक एक्सरसाइज प्रातः 9 बजे से बाल समुन्द जलाशय मे शुरू होग़ा जिसमें पुलिस,राजस्व,जिला सेनानी,जल संसाधन,जनसम्पर्क, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, विद्युत, खाद्य, पीएचई, परिवहन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, औद्योगिक सुरक्षा, कोषालय,कृषि,पशु चिकित्सा एवं दूरसंचार विभग के अधिकारी शामिल होंगे। मॉक ड्रिल आयोजन हेतु अपर कलेक्टर ए.आर. टंडन को जिला इंसिडेंट कमांडर,सभी एसडीएम को अनुविभाग इंसिडेंट कमांडर बनाए गए हैं।

### जनदर्शन में दिव्यांग पवन को मिली ट्राइसाइकिल



**बलौदाबाजार।** जनदर्शन में आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण की दिशा में जिला प्रशासन लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में ग्राम राजाढार निवासी दिव्यांग पवन कुर्रे को आज जनदर्शन के दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ट्राइसाइकिल प्रदान की। ट्राइसाइकिल मिलने पर दिव्यांग के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। लंबे समय से आवागमन में होने वाली परेशानी अब काफी हद तक आसान हो सकेगी। ट्राइसाइकिल उनके लिए केवल एक साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और बेहतर जीवन की ओर बढ़ने का नया सहारा बनी है।कलेक्टर श्री शर्मा ने ट्राइसाइकिल प्रदान करते हुए कहा कि जरूरतमंद और दिव्यांगजनों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि कोई भी व्यक्ति सुविधा और अधिकार से वंचित न रहे।ट्राइसाइकिल मिलने के बाद हितग्राही पवन कुर्रे ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जनदर्शन में मिली यह सहायता इस बात का उदाहरण है कि सुशासन का वास्तविक अर्थ जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता और संवेदना पहुंचाना है।

### सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए शिवरतन शर्मा



**करहीबाजार।** स्वमी आत्मनंद उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिंदी माध्यम विद्यालय करही बाजार में सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 120 छात्राओं को सरस्वती साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा थे। वक्ताओं ने कहा कि साइकिल मिलने से विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच कमला अरुण निषाद, उप सरपंच अशोक पटेल, जनपद रेवती राजेश पटेल, शाला विकास समिति अध्यक्ष बसंत देवांगन, उपाध्यक्ष श्याम चतुर्वेदी, आजाद दास, मुकेश केसरवानी, सियाराम चक्रधारी, चित्रलेखा देवांगन, रघुवर केसरवानी, लेखराम पटेल, सतीश पाल, मनीराम बंजारे, कृष्णदास मानिकपुरी, तेजराम यादव, मूलशंकर पटेल, अजय सोनी, राजेश्वर यादव, तमेस सेन, विद्यालय प्राचार्य ईश्वर देवदास, सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### तीन साल से एक ही स्थान पर जमे अधिकारी-कर्मचारियों के तबादला आदेश पर अमल कब?



**सिमगा।** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (महासंघ) इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पप्पू अली ने शासन के आदेश में तीन साल से एक ही पद पर जमे अधिकारी कर्मचारियों का होगा कार्य-पटल परिवर्तन का स्वागत करते हुए कहा कि आदेश तो जारी हो गया, लेकिन इस पर अमल कब होगा यह देखने वाली बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों, संभागीय आयुक्त कार्यालयों, कलेक्टर कार्यालयों एवं अधीनस्थ कार्यालयों में कई अधिकारी-कर्मचारी लंबे समय से एक ही कार्य-पटल पर पदस्थ हैं। ऐसे में शासन के तीन वर्ष में कार्य-पटल परिवर्तन के आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। जारी आदेश में कहा गया है कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय-समय पर अलग-अलग प्रकार के कार्यों का अनुभव मिलना आवश्यक है, ताकि उनकी कार्य क्षमता, कार्य कुशलता एवं प्रशासनिक अनुभव में वृद्धि हो और शासन के कार्यों में पारदर्शिता, जवाब देही एवं सुशासन सुनिश्चित किया जा सके। इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अली ने कहा कि शासन का आदेश केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि सभी विभागों, जिलों एवं ब्लॉक स्तर के कार्यालयों में इसकी तत्काल समीक्षा कर तीन वर्ष से अधिक समय से एक ही कार्य-पटल पर कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों का नियमानुसार कार्य-पटल परिवर्तन किया जाए।

### सौर ऊर्जा सहित पानी टंकी निर्माण का भूमि पूजन

**रिसदा।** जिले से लग ग्राम पंचायत दशरमा में शासन द्वारा स्वीकृत सौर ऊर्जा



सहित 10 हजार लीटर क्षमता वाले पानी टंकी का निर्माण हेतु भूमि पूजन कर कार्य आरम्भ हुआ। ग्राम सोसायटी कार्यालय के सामने इस पानी टंकी के निर्माण से ग्राम के कुछ वार्डों में गर्मी के दिनों में होने वाले जल संकट से निजात मिलेगी, जिसका सोमवार को भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। उक्त अवसर पर ग्राम के सरपंच मधु नीलकंठ साहू, जनपद सदस्य जगमोहन घृतलहरे, उपसरपंच मोहन पैकरा, पंच हरदयाल साहू, रूपलाल साहू, ग्रामीण सीताराम निषाद, गीतेश्वर ध्रुव, योगेश ध्रुव सहित आदि उपस्थित थे।

## सैकड़ों छात्रों ने लिया निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



साइबर अपराध मुक्त छत्तीसगढ़' के संकल्प के साथ चल रहे 'साइबर जागृति अभियान' के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने जिले के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। पलारी, कसडोल, गिधौरी और सोनाखान क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए गए।

पलारी के शासकीय बृजलाल महाविद्यालय में 130 विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। कसडोल के स्वामी आत्मानंद स्कूल में 80, बोरसी में 60 और कोसमसरा में 50 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में सहभागिता की। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र तथा अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

गिधौरी क्षेत्र के टूण्डरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में करीब 250 विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी गई, जबकि 60 विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। सोनाखान के एकलव्य स्कूल में करीब 250 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। पुलिस ने विद्यार्थियों से अज्ञात लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी व बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं करने तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत करने की अपील की।

### ब्लैक स्पॉट से लगे स्कूलों में बच्चों को पढ़ाया यातायात सुरक्षा का पाठ

**बलौदाबाजार।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का विशेष अभियान जारी है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में 18 अगस्त को ब्लैक स्पॉट से लगे कसडोल, कटगी, कोसमसरा, रावन एवं भाटापारा क्षेत्र के



स्कूलों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को नाबालिगों के वाहन नहीं चलाने, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, ट्रिपल राइडिंग और स्टंटबाजी से बचने तथा वैध लाइसेंस के बिना वाहन नहीं चलाने की समझाइश दी। ई-चालान और सिटी सर्विलांस कैमरों से यातायात नियमों की निगरानी की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में गंभीर घायलों के लिए 1.50 लाख रुपए तक कैशलेस उपचार की जानकारी दी गई।

## बढ़े बिजली बिल और स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा



बढ़े बिजली बिल एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा द्वारा लगातार जन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम औरेठी, बिनेका, लांजा-पौंसरी, नगर पालिका सिमगा के चूचरुंगपुर वार्ड एवं ग्राम पंचायत कचलोन में ग्रामीणों एवं आम नागरिकों से आवेदन भरवाए गए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि आम जनता स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिल से बेहद परेशान है। बिजली के बढ़े हुए बिलों ने गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों के घरेलू बजट को प्रभावित किया है। जनता अब इस समस्या के खिलाफ आवाज उठाने और आवेदन भरने के लिए पूरी तरह तैयार है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता की लड़ाई सड़क से लेकर शासन-प्रशासन तक पूरी मजबूती से लड़ेगी। जब तक बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक कांग्रेस का यह जनअभियान जारी रहेगा। इस अभियान में मंडल अध्यक्ष भिखारी गहरे, अशोक देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी चंदू साहू, पूर्व पार्षद राहुल शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री शेष साहू, अजीत भट्ट, दाऊ यदु, झाड़ू साहू, नरेश साहू, धरम वर्मा, बलदाऊ वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस सचिव सुरेश साहू, विक्की पाण्डे, पौंसरी अध्यक्ष हेमदास कोसले, कचलोन के पूर्व सरपंच अयूब खान, परदेसी यादव, घनश्याम भट्ट, दीपक मिश्रा, मेदनी मिश्रा, कचलोन अध्यक्ष राज खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## युवाओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

**भाटापारा।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छता, जन-जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ना रहा।



युवा स्वयंसेवकों एवं अतिथियों द्वारा स्वच्छता शपथ के साथ हुई। इसके बाद पोस्टर निर्माण एवं प्रदर्शन, जागरूकता संदेश, सेमिनार एवं संवाद जैसी गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया।

कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान रहा, जिसमें युवा स्वयंसेवकों, स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों एवं अतिथियों ने महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र की सफाई की। कार्यक्रम में प्रभारी डॉ. राजन तिवारी, प्राचार्य ए. आर. जेम्स, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रेणिक गोलछा एवं आशीष पुरोहित सहित प्राध्यापकगण स्वयंसेवक राजीव मिर्झा हितेश, परमेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

### कमलाकांत इंस्टीट्यूट के छात्रों ने अस्पताल में बांटे फल

**भाटापारा।** देवरी रोड स्थित कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट द्वारा सिविल अस्पताल भाटापारा में भर्ती 35 मरीजों को फल वितरित किए गए। रेड क्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजनाएवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के बी.एससी. थर्ड और पांचवे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों का हाल-चाल पूछा और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कार्यक्रम का नेतृत्व और संचालन प्रभारी डॉ. पूर्णिमा कौशिक एवं प्रविन बिश्वास द्वारा किया गया। संस्थान के संचालक मनीष शुक्ला एवं डॉ. वंदना चौहान की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को समाज सेवा से जुड़ने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संचालक मनीष शुक्ला ने कहा कि सेवा ही वह प्रकाश है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक उम्मीद पहुंचाता है।



## स्कूल के गलत युक्तियुक्तकरण से छात्रों की बढ़ी परेशानी



**गोपालपुर।** विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला खम्हरिया को शासन द्वारा 1 किलोमीटर दूर स्थित शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में मर्ज कर दिया गया है। इस गलत विलय के कारण न केवल स्कूल का डाइस कोड समाप्त कर दिया गया है, बल्कि सत्र 2025-26 की शाला अनुदान राशि भी रोक दी गई है। इसके अलावा, विलय को आधार बनाकर एक शिक्षक का स्थानांतरण भी कर दिया गया है।

प्रधान पाठक आरके साहू एवं ग्रामीणों ने बताया कि हायर सेकंडरी स्कूल कैंपस के अंदर पहले से 'प्राथमिक शाला भाठा खम्हरिया' संचालित है, जिसे मर्ज न कर 1 किमी दूर स्थित इस प्राथमिक स्कूल को मर्ज कर दिया गया। छोटे बच्चों को 1 किमी दूर भेजने में ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जुलाई 2025 में जिला अधिकारी को लिखित आवेदन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने विलय को तत्काल निरस्त कर अनुदान राशि जारी करने की मांग की है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.एन. साहू ने माना कि स्कूल विलय में त्रुटि हुई है और इसे सुधारने के लिए जिला कार्यालय को पत्र भेजा जा चुका है।

## आईसर पुणे के प्रशिक्षण में शामिल हुईं शिक्षिका दुलारी



**पलारी।** पीएम श्री योजना के तहत शिक्षकों के क्षमता संवर्धन के लिए पुणे स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण में पीएम श्री स्कूल छड़िया की शिक्षिका दुलारी पटेल शामिल हुईं। प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के पीएम श्री स्कूलों के 100 प्राथमिक शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यशाला में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, नवाचार एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर प्रशिक्षण दिया गया। विज्ञान, गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान की गतिविधियों व प्रयोगों के माध्यम से बच्चों को रोचक ढंग से पढ़ाने के तरीके बताए गए। शिक्षकों ने विज्ञान केंद्र पिंपरी-चिंचवड़ और आईआईएसईआर के कल्पगृह का भ्रमण कर व्यावहारिक शिक्षण तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

## पेंशनर संघ ने स्थापित की सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के पेंशनरों द्वारा सुभाष बाजार के पास शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। सुभाषजी की पुण्यतिथि पर पेंशनरों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए पुण्य स्मरण किया गया। पेंशनरों ने उन्हें सच्चा देशभक्त एवं तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसे कालजई नारे के साथ लोगों में अद्भुत जोश भरने वाला निडर सिपाही बताया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल सहित संघ के सदस्य व संस्था की प्राचार्य डॉ. अर्चना वर्मा ने पेंशनरों के द्वारा सुभाषजी की मूर्ति स्थापना कर उन्हें बराबर जयंती एवं पुण्यतिथि पर एकत्रित होकर कार्यक्रम के माध्यम से इस महान सपूत को याद करते रहने को अनुकरणीय बताया।

### आंगनबाड़ी में कक्षाएं लगाने की समस्या से मिलेगी राहत

# अतिरिक्त कक्षा भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भवानीपुर



ग्राम पंचायत खपरी भ के आश्रित ग्राम तमोरी में अतिरिक्त कक्षा भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ। लंबे समय से ग्रामीणों और विद्यालय परिवार द्वारा अतिरिक्त कक्षा भवन की मांग की जा रही थी। मांग पूरी होने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। अतिरिक्त कक्षा भवन नहीं होने के कारण विद्यार्थियों की कक्षाएं आंगनवाड़ी भवन में संचालित करनी पड़ रही थीं। नए भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और आंगनवाड़ी में कक्षाएं लगाने की समस्या से भी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे का आभार जताया।

जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे ने कहा कि ग्रामीणों और विद्यालय की आवश्यकता को देखते हुए अतिरिक्त कक्षा भवन की मांग को प्राथमिकता दी गई है। भवन निर्माण पूरा होने के बाद विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और पढ़ाई के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा। ग्राम पंचायत खपरी भ के सरपंच दिनेश मारकंडे ने कहा कि अतिरिक्त कक्षा भवन की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। भवन निर्माण शुरू होना ग्रामीणों और विद्यार्थियों के लिए राहत की बात है। कार्यक्रम के दौरान उपसरपंच हितेंद्र कोसले, सचिव दयालु सोनवानी, रोजगार सहायक उदय ध्रुव, तमोरी शाला समिति अध्यक्ष रूपेंद्र बंजारे, पंच लीला घृतलहरे, शिक्षक मन्नाडे, ग्रामीण सत्यनारायण जांगड़े, पूर्व सरपंच जंगलोर खिलेंद्र, सुरेश घृतलहरे, धर्मेंद्र जांगड़े, भारत लाल कुर्रे, मालिक राम नेताम सहित ग्रामीण एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## 1,375 छात्रों और शिक्षकों को साइबर ठगी से बचाव के बताए उपाय



**बलौदाबाजार।** 'साइबर अपराध मुक्त छत्तीसगढ़' के उद्देश्य से चल रहे 'साइबर जागृति अभियान' के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने जिले के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 1,375 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। अभियान 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है।

लवन के नवोदय विद्यालय में 480 और हाईस्कूल अहिल्दा में 100 विद्यार्थियों व शिक्षकों को साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके बताए गए। भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम दतरेंगी स्थित हाईस्कूल में 450, राजादेवरी के ग्राम नगेड़ी में 150 तथा सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रिसदा हाईस्कूल में 75 और स्वामी आत्मानंद स्कूल बलौदाबाजार में 70 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता की। पुलिस टीमों ने अज्ञात लिंक पर क्लिक नहीं करने, फर्जी कॉल से सावधान रहने, ओटीपी व बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं करने तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने की समझाइश दी। विद्यार्थियों को क्यूआर कोड स्कैन कर 'जागरूकता की एक सेल्फी' अभियान से भी जोड़ा गया।

# बदलाव से युवाओं में जागा आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

युवाओं और बच्चों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, अनुशासन तथा व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेसीआई तिल्दा-नेवरा द्वारा 'बदलाव– परिवर्तन की शुरुआत स्वयं से' विषय पर युवा जागरूकता एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य राजेश चंदानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने, अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रशिक्षक जेसी डॉ. अरिजीत गोस्वामी ने बच्चों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने, समय के महत्व को समझने और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रभावी संवाद, एकाग्रता, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, मन को समझने, डिजिटल माध्यमों के जिम्मेदार उपयोग तथा आर्थिक जिम्मेदारियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया। मुख्य अतिथि राजेश चंदानी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन, निरंतर सीखने की प्रवृत्ति, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति समर्पण सफलता की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास मिले तो वे भविष्य में जिम्मेदार और सफल नागरिक बन सकते हैं।कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रेरक संदेश दिया गया कि समाज में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत दूसरों से नहीं, बल्कि अपने विचारों, व्यवहार और आदतों में सुधार से होती है।

## अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण सफलता की मजबूत नींव

### सकारात्मक सोच से आता है बड़ा बदलाव

प्रशिक्षक ने विभिन्न रोचक गतिविधियों और उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि जीवन में बड़ा बदलाव लाने के लिए हमेशा बड़े कदम उठाने की जरूरत नहीं होती, बल्कि छोटी-छोटी अच्छी आदतों और सकारात्मक सोच से भी व्यक्तित्व में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया जा सकता है।




### बच्चों ने उत्साह से लिया हिस्सा

कार्यक्रम में जेसीआई तिल्दा-नेवरा के अध्यक्ष जेसी सूरज पंजवानी सहित संस्था की पूरी टीम की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम की सफलता में जेसीआई रायपुर मेट्रो के सदस्यों का भी विशेष सहयोग रहा। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया और प्रशिक्षण के दौरान मिली सीख को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप



### ईल्दा में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**खरोरा।** हाई स्कूल एवं ग्राम पंचायत ईल्दा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर, ग्राम पंचायत एवं अमृत सरोवर में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच धनेश साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वरीय साहू, सौरभ वर्मा, जनपद सदस्य उर्मिला धीवर, उपसरपंच परस साहू, पंच गोपी साहू, पंच सुकलु पंच सहित महिला पंचगण एवं गांव के गणमान्य नागरिक भगतराम साहू, चरण साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य चांदनी यदुवंशी ने अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का स्वागत एवं अभिनंदन किया। हाई स्कूल परिसर में शाला विकास समिति के अध्यक्ष द्वारा, ग्राम पंचायत में सरपंच धनेश साहू द्वारा तथा अमृत सरोवर में उपसरपंच उर्मिला धीवर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वहीं प्राथमिक शाला में ध्वजारोहण अध्यक्ष चरण साहू द्वारा किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। यह कार्यक्रम का संचालक शिक्षक जितेंद्र कुमार वर्मा खुमान साहू ने किया । कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में देशभक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

### स्कूलों में हुआ ध्वजारोहण



**कसडोल।** नगर पंचायत के हड़हापारा स्थित संयुक्त माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद भारत माता एवं मां सरस्वती का पूजन किया गया। राष्ट्रगान और राजकीय गीत के पश्चात विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

## आयोजन : बीपी, शुगर, नेत्र और दंत जांच की सुविधा का लोगों ने उठाया लाभ

# आयुष विभाग के चिकित्सा शिविर में 539 मरीजों ने कराया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी





नगर टुण्डरा में एक दिवसीय निः शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन प्रायोजक जिला आयुष अधिकारी बलौदाबाजार एवं शिविर प्रभारी डा ओम विजय साहू आयुष चिकित्सक टुण्डरा के प्रबंधन में 17 अगस्त को सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया।

इसमें नगर टुण्डरा एवं आसपास के गांवों के लोग भारी संख्या में शामिल हो कर निः शुल्क चिकित्सा का लाभ लिये। आधार कार्ड या मोबाईल नं के माध्यम से पंजीयन पर्ची जारी कर बीपी, शुगर, नेत्र एवं दंत जांच कर मरीजों की समस्या अनुसार संबंधित चिकित्सकों द्वारा गहन जांच कर निः शुल्क दवाई एवं उचित सुझाव दिया गया। महिलाएं बच्चे युवा एवं वृद्धजन भारी संख्या में शामिल हुए एवं लाभ लिये। जिला आयुष अधिकारी गोदावरी पैंकरा स्वयं उपस्थित रहकर आवश्यक दिशा निर्देश देती रही एवं लोगों को अधिक से अधिक आयुष चिकित्सा से लाभ लेते रहने की अपील की। शिविर में शामिल सभी लोगों को काढा पिलाया जाता रहा। महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी कार्यकर्ता आवश्यक सहयोग के लिये शामिल रही। सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन द्वारा आवश्यक सहयोग किया गया।

शिविर में आयुष चिकित्सक प्रभारी डॉ. ओम विजय साहू टुण्डरा, डॉ पूजा वर्मा गिरौदपुरी, डॉ प्रज्ञा मिश्रा अर्जुनी ब, डा टिकेश्वरी मिश्रा होम्योपैथिक सर्वा, डा निधि नेताम आष्टो अर्थराइटिस विशेषज्ञ कसडोल, सहित मनमोहन प्रसाद जायसवाल, सुरेन्द्र पैंकरा, परमेश्वरी जायसवाल, चुणामणि वैष्णव, थवाईतराम पैंकरा, राजकुमार मधुकर, रामकुमार पटेल, योग प्रशिक्षक परमेश्वर देवांगन, नेत्र जांच हेतु डा रेखा राठौर बरपाली विशेष रूप से उपस्थित रही। कुल 539 मरीजों की जांच की गयी एवं उचित दवा व सुझाव दिये गये। आयुर्वेदिक 270 मरीज, होम्योपैथी 114, नेत्र जांच 47, शुगर जांच 81 एवं दंत जांच 22 मरीजों ने कराया। इस आयोजन से लोगों को स्वास्थ्य चिकित्सा लाभ हुआ एवं जागरूकता में वृद्धि हुई । उक्त जानकारी का संकलन राजमहंत पी के घृतलहरे ने किया।

## कॉलेज में हुआ नशामुक्त युवा विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे से होने वाली विभिन्न बीमारियों तथा शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इसके गंभीर दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता रामनारायण भट्ट, गणेश राम देवांगन, कलपराम बंजारा सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. मिश्र ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय परिवार को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। सभी ने नशे से दूर रहने और भारत को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

कार्यक्रम में महाविद्यालय की सुनीता विक्रम कोसले, श्री यू.एस. भारद्वाज, तुलेश्वर सिंह ध्रुव, धनंजय कर्ष एवं नरेन्द्र राकेश सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान आर सी एम के पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा महाविद्यालय परिवार के संयुक्त प्रयास से वृहद वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नशामुक्ति जागरूकता और वृक्षारोपण के इस संयुक्त आयोजन ने युवाओं को स्वस्थ जीवन, स्वच्छ समाज और हरित पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रेरणादायी संदेश दिया।

## 82 बच्चों को गणवेश का द्वितीय सेट वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



पूर्व माध्यमिक शाला खपरी भ में विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश के द्वितीय सेट का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच दिनेश कुमार मार्कण्डेय ने विद्यालय पहुंचकर स्कूल में अध्ययनरत 82 बच्चों को गणवेश वितरित किया। गणवेश मिलने पर विद्यार्थियों में खुशी का माहौल रहा। इस दौरान सरपंच ने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और विद्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक दुर्गा धरुवा, संकुल समन्वयक विष्णु कुमार फेकर, शिक्षक भोजराम कन्नौजे एवं तोरण कुमार मंडावी सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सरपंच दिनेश कुमार मार्कण्डेय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। शासन की ओर से विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। संकुल समन्वयक विष्णु कुमार फेकर ने कहा कि विद्यार्थियों को मिलने वाली शैक्षणिक सुविधाओं से उनमें पढ़ाई के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ता है। गणवेश वितरण भी शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिससे विद्यालय में सभी बच्चे समान वेशभूषा में अध्ययन करते हैं। प्रधान पाठक दुर्गा धरुवा ने कहा कि विद्यालय के 82 बच्चों को निःशुल्क गणवेश का द्वितीय सेट मिलने से विद्यार्थियों एवं पालकों में खुशी है। गणवेश से बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनापन और अनुशासन की भावना मजबूत होती है। विद्यालय में सहयोग के लिए ग्राम पंचायत एवं सरपंच का आभार व्यक्त किया।

## अग्निवीर थलसेना भर्ती के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार।** भारतीय अग्निवीर थलसेना भर्ती में ऑनलाइन परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यार्थियों के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के वे आवेदक जिन्होने अग्निवीर की ऑनलाइन परीक्षा उत्तीर्ण की है और उक्त प्रशिक्षण में भाग लेना चाहते है। इच्छुक आवेदक 25 अगस्त तक अग्निवीर थलसेना के ऑनलाईन पंजीयन फार्म एवं आधार कार्ड के साथ जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार में उपस्थित होकर अपना नाम दर्ज करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग गड्ढे में तब्दील, भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग की जर्जर बत्तर हालत और बदहाली सड़क के निर्माण के लिए जहां जनप्रतिनिधियों ने चक्काजाम कर गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग निर्माण शासन प्रशासन से पक्ष रखकर 79 लाख की स्वीकृति कराया गया है, परंतु फिर भी काम अटका हुआ है। गिधौरी -शिवरीनारायण की जर्जर सड़क पिछले वर्षों से और बत्तर और बदहाल हो गया है। ठेकेदार द्वारा बरसात लगते ही काम तो शुरू किया, लेकिन जर्जर सड़क और बड़े-बड़े गड्ढे को उखाड़कर मरम्मत का कार्य किया गया है और सौ मीटर तक सड़क अच्छे तो उसको भी उखाड़ दिया गया है, जो भारी वाहनों के चलते जान लेवा गड्ढे बन गया है। जगह जगह घुटनों तक पानी भरा हुआ है। गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर हादसे का सिलसिला जारी है और टेकेदार काम छोड़कर नदारत हो गया है, जान जोखिम में डालकर वाहन गुजर रहा है। राहगीरों को भी बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

## नो पार्किंग स्थल पर यातायात पुलिस की कार्रवाई

**भाटापारा।** यातायात पुलिस द्वारा नो पार्किंग एरिया में बीच सड़क में खड़े होने वाले वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही तेज कर दी गई है। जुलाई माह में 1934 चालानी कार्रवाई की गई। इसमें तीन सवारी, सड़क पर मोबाइल चलाते वाहन चलाना, प्रेशर हार्न, फटाके वाला सायलेंसर के खिलाफ रोज कार्यवाही हो रही है। इस संबंध में यातायात के टीआई नरेश कांगे ने बताया कि यातायात की पेट्रोलिंग टीम जो पटपर नाका, नया बस स्टैण्ड, नाका नं. 1 सहित प्रमुख बाजारों में घूमकर बेतरतीब खड़े वाहनों के फोटो खींचकर सीधे उनके नम्बर पर चालान भेज दिया जाता है। दूसरी ओर जिले एसपी गौरव राय का स्पष्ट निर्देश है कि यातायात में बाधक बनने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। यातायात में रूकावट या बीच सडक में पार्किंग करने वालों के खिलाफ लगातार चालानी कार्यवाही होगी। विदित है यातायात की पेट्रोलिंग भीडभाड़ वाले इलाकों में हो रही है वहीं दूसरी ओर आटो और ई बाइक की क्षमता को भी देखा जा रहा है और उन्हें हिदायत दी गई है। दुपहिया और ई बाईक वालों को भी हिदायत दी गई है कि वे अपनी गति में नियंत्रण रखे, अगर गति ज्यादा हुई तो सिटी सर्विलांस के माध्यम से उनकी भी पड़ताल की जायेगी।

## आदिनाथ विधान में जैन समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# जैन समाज के 48 सदस्यों ने की अयोध्या तीर्थ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



श्री दिगंबर जैन समाज भाटापारा के 48 सदस्य विगत दिनों प्रयागराज एवं अयोध्या की यात्रा की। यात्रा पुण्यार्जक प्रकाश सुमन लता मोदी परिवार भाटापारा ने अपने परिवार द्वारा समस्त दिगंबर जैन समाज भाटापारा के सदस्य पुरुष युवा महिलाएं एवं बच्चों को प्रयागराज एवं अयोध्या तीर्थ की यात्रा संपन्न करवाई। समस्त तीर्थ यात्रियों का जैन समाज बिलासपुर, पेंड्रा रोड, बुढार, कटनी, लखनऊ श्रावस्ती जैन समाज में सम्मान किया।

प्रयागराज में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के तप एवं ज्ञान कल्याण की भूमि के दर्शन, वट वृक्ष के दर्शन, गंगा यमुना नदी का त्रिवेणी संगम का दर्शन करके, अयोध्या जी पहुंचे। अयोध्या में भगवान आदिनाथ की जन्मस्थली में आर्यिका ज्ञानमती माताजी, आर्यिका चंदना मती माताजी, पीठाधीश रविंद्र कीर्ति स्वामी जी के नेतृत्व में भगवान का मस्तका अभिषेक, शांति धारा, आदिनाथ विधान संपन्न किया गया। इसमें सभी समाज ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, मर्यादा पुरुषोत्तम वीतराग श्री रामचंद्र भगवान के मंदिर के दर्शन पूजा अर्चना की गई ।दोपहर के आर्यिका ज्ञानमती माताजी की पूजन भक्ति भाव से अभिषेक मोदी एवं विनोद मोदी के नेतृत्व में संपन्न हुई। तृतीय दिन श्री 1008 भरत भगवान के प्रतिमा का मस्तका अभिषेक संपन्न कर यात्रा संपन्न की गई। समस्त तीर्थ यात्रा के प्रभारी अभिषेक मोदी युवा रत्न थे।

भाटापारा पहुंचने पर समस्त जैन समाज एवं प्रमुख व्यक्तियों ने सभी का हार दुपट्टा मुकुट के माध्यम से तीर्थ यात्रियों का सम्मान किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से यात्रा में अशोक सिंघई, अजय जैन अजू, सतीश भंसाली ,अनिल मोदी, विनोद मोदी, अभिषेक मोदी, संदीप जैन, बल्लू जैन, अभय सिंघई, प्रकाश मोदी, सुनील जैन जगदलपुर, संजय जैन जगदलपुर, प्रमोद जैन, संजय जैन एवं महिला मंडल की सदस्य अध्यक्ष पदाधिकारी यात्रा में साथ थे।



## खबर संक्षेप



### चंद्रभूषण वर्मा को मिला संगीतकार खुमान साव सम्मान

**खरोरा।** विदासजी के 620 जयंती पर आयोजित हरेली पर्व जामुल, भिलाई, दुर्ग में सामाजिक समरसता सम्मान का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के गीतकार, संगीतकार, गायक, निर्माता चन्द्रभूषण वर्मा को श्री खुमान साव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अहिवारा के विधायक डोमन लाला कोर्सेवाडा के हाथों प्रदान किया गया। इसी कड़ी में सुप्रसिद्ध लोकगायिका छाया चंद्राकर को भी मिनीमाता सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। इस समारोह में हजारों की संख्या में दर्शकों ने आनद लिया।

### ड्रोन से साकार हुआ आत्मनिर्भरता का सपना



**बलौदाबाजा।** विकासखंड सिमगा के ग्राम रानीजरौद की आरती साहू आज नमो ड्रोन दीदी योजना के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही हैं। पिछले दो वर्षों से आरती ड्रोन के जरिए किसानों के खेतों में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का छिड़काव कर रही हैं। प्रति एकड़ 300 रुपये की दर से सेवा देकर वह न केवल किसानों का समय और मेहनत बचा रही हैं, बल्कि खुद भी आर्थिक रूप से सशक्त होकर लखपति दीदी बनने की राह पर आगे बढ़ रही हैं। आरती साहू बताती हैं कि पिछले वर्ष उन्होंने करीब 1154 एकड़ क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से नैनो उर्वरकों का छिड़काव किया, जिससे उन्हें लगभग साढ़े तीन लाख रुपये की आमदनी हुई। उनके लिए ड्रोन अब सिर्फ खेती में आधुनिक तकनीक का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती का माध्यम बन गया है। तकनीक से जुड़कर आरती ने यह साबित किया है कि अवसर और सही मार्गदर्शन मिले तो गांव की महिलाएं भी नई तकनीक को अपनाकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकती हैं।

### ग्रामसभा में निर्धारित एजेंडा पर होगी चर्चा

बलौदाबाजार। जिले की सभी पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में 20 अगस्त को ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम सभा हेतु समय-सारणी तैयार कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। ग्राम सभा में शतप्रतिशत गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व सरपंच व पंचो का होगा। ग्राम सभा में ग्राम पंचायत के बजट, विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति एवं प्रगति की समीक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण में शामिल पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन, आवश्यक संशोधन करेक्शन तथा प्रतीक्षा सूची के संबंध में भी विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम सभाओं में वीबीजी राम-जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ शासन द्वारा निर्धारित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी।

### निधन

**रामनाथ ध्रुव**



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** सेम्हराडीह निवासी 65 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक रामनाथ ध्रुव का गुरुवार को निधन होने पर उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे पिंकू के पिताजी थे।

### सैकड़ों दीपों से जगमगाया सिद्धेश्वर धाम, पार्थिव शिवलिंग पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने की सामूहिक महाआरती

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा बालसमुंद तट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सावन के तृतीय सोमवार पर पलारी के सिद्धेश्वर शिव मंदिर में आयोजित महाआरती ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। सिद्धेश्वर युवा मंच द्वारा आयोजित महाआरती में नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम ढलते ही बालसमुंद तालाब का तट सैकड़ों दीपों से जगमगा उठा और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा सिद्धेश्वर धाम गूंज उठा।

महाआरती से पहले पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं सामूहिक जलाभिषेक का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंग का पूजन कर भगवान शिव का अभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार और शिव भजनों के बीच हुए इस धार्मिक अनुष्ठान के बाद श्रद्धालु महाआरती के लिए बालसमुंद तालाब के तट पर एकत्र हुए।



महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने हाथों में दीप लेकर एक साथ भगवान सिद्धेश्वर की आरती की। एक साथ प्रज्वलित सैकड़ों दीप, शंखनाद, घंटियों की गूंज और हर-हर महादेव के जयघोष ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बालसमुंद तालाब के शांत जल में दीपों की रोशनी का प्रतिबिंब महाआरती की भव्यता को और बढ़ा रहा था।

आयोजन में कसडोल विधायक संदीप साहू, सिद्धेश्वर युवा मंच के संरक्षक हितेंद्र, ठाकुर गोपी साहू, रोहित साहू,मनीष चंद्राकर, कपिल कश्यप, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सिद्धेश्वर मंच के अध्यक्ष सौरभ वर्मा, साधराम साहू, शेरखान रज्जू,हर्षू वर्मा शिवम मिश्रा हर्षवर्धन वर्मा लखेश्वर वर्मा पुनीत रजक हयात खान इंद्र वर्मा,अंशु साव अंकित जोशी, सीनू जांगड़े रोशन यादव, तुषार यादव,नवीन साहू,अमन गेंदें सूरज निर्मलकर कुणाल कोसले बॉबी वर्मा गोवर्धन यादव तिलक बंजारे,राघव रजक दीपक वर्मा संदीप ठाकुर,दीपेंद्र कन्नौजे प्रियांशु वर्मा,सौरभ घृतलहरे,चिराग कश्यप,भानु साहू, नेमी साहू महेश्वरी बंजारे,मानसी वर्मा,परिधि वर्मा गुणिका वर्मा, मानसी, फेकर,सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, युवा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

#### शिव भजनों से देर तक गूंजता रहा धाम

आयोजन के दौरान मनोज आडील, पूजा साहू, महेंद्र साहू एवं मधु सेन सहित कलाकारों ने शिव महिमा से जुड़े भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों और शिव स्तुति के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। पुजारी पं. रामाशंकर मिश्रा एवं बल्लू गोस्वामी सहित साथियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई। युवाओं ने पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। महाआरती का यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर परिसर से लेकर तालाब के तट तक श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना करते हुए नगर और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली एवं आपसी भाईचारे की कामना की।

## रामपुर में गूंजा बोल बम का जयकारा, निकाली कांवड़ यात्रा



**करहीबाजार।** सावन माह के तीसरे सोमवार नागपंचमी पर रामपुर में भक्ति और आस्था का नजारा देखने को मिला। भाजपा निपनिया मंडल की ओर से कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं शिवभक्त शामिल हुए। कांवड़ यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। शिवभक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ कांवड़ लेकर यात्रा में सहभागिता की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया और भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाए। आयोजन ने क्षेत्र के लोकप्रिय नेता भाजपा कोर कमेटी सदस्य शिवरतन शर्मा, भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, राजा जायसवाल, अविनाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष मथुरा यादव, महामंत्री राजेश पटेल, रोहित साहू के अगुवाई मे धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण बना दिया। भाजपा निपनिया मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सावन सोमवार पर निकाली निःशुल्क बोल बम कांवड़ पदयात्रा



**खरोरा।** सावन मास के तीसरे सोमवार को शिवभक्तों का उत्साह चरम पर रहा। बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ कांवड़ियों का जत्था जलाभिषेक के लिए ग्राम बेलदार शिवनी स्थित अर्धनागेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना हुए। इसके बाद कांवड़ियों ने जारा स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। सावन सोमवार के अवसर पर ग्राम छड़िया में बोल बम ग्रुप की ओर से निःशुल्क कांवड़ पदयात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत सोमवार सुबह 7 बजे बजरंग चौक, ग्राम छड़िया से हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर यात्रा में शामिल हुए और धार्मिक उत्साह के साथ भगवान शिव का जयघोष करते हुए आगे बढ़े। आयोजकों के अनुसार कांवड़ यात्रा बेलदार शिवनी से जारा की ओर निकाली गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं से निर्धारित समय पर बजरंग चौक पहुंचने और कांवड़ के साथ पदयात्रा में सहभागी बनने की अपील की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं से आपसी भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने का भी आग्रह किया गया।


## भरुवाडीह कला में शिवभक्त कांवड़ियों का हुआ स्वागत



**खरोरा।** ग्राम भरुवाडीह कला के शिवभक्तों द्वारा गांव एवं परिवार की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर कांवड़ यात्रा निकाली गई। शिवभक्तों ने लगभग 40 किलोमीटर की दूरी तय कर सिमगा-लखना स्थित सोमनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के पश्चात सभी कांवड़िए उत्साह एवं श्रद्धा के साथ अपने गांव भरुवाडीह कला लौटे। गांव में प्रवेश के दौरान शिवभक्त भगवान शिव के भजनों में रमते हुए नाचते-गाते और बोल बम, हर-हर महादेव एवं श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के जयकारे लगाते हुए भ्रमण कर रहे थे। कांवड़ियों के गांव पहुंचने पर नागरिकों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर योगेश निषाद, तीजराम निषाद, गजेंद्र साहू, दिलीप निषाद, विष्णु प्रसाद यादव, ओमप्रकाश ध्रुव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। कांवड़ यात्रा में मोहन साहू, धनेश साहू, मनीष साहू, राजू निषाद, खोमेंद्र यादव, लीलाधर यादव, ऋषि ध्रुव, रोशन निषाद, दीनदयाल निषाद, नीलकमल साहू, सुरेंद्र निषाद, तापलाल निषाद, दानी निषाद, एकांत यादव, डागेश्वर यादव, मनीष यादव, कोमल निषाद, तूमेश साहू, मनोज ध्रुव, राकेश निषाद एवं चंद्रशेखर ध्रुव सहित अन्य शिवभक्त शामिल रहे। इस अवसर पर शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि आपसी एकता, भाईचारे और सामूहिक सद्भावना को मजबूत करने का माध्यम भी है। शिवभक्तों द्वारा गांव एवं परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना के साथ की गई यह यात्रा पूरे गांव के लिए श्रद्धा एवं उत्साह का विषय है।

## शिवरीनारायण में श्रावण झूला महोत्सव का शुभारंभ





**गिधौरी।** शिवरीनारायण में श्रावण मास पर आयोजित होने वाले झूला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जानकारी के अनुसार श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया को शिवरीनारायण में श्रावण झूला महोत्सव का शुभारंभ होता है जो श्रावण पूर्णिमा तक आयोजित होगा।

श्रद्धालु भक्तजन इस झूला महोत्सव में परिवार सहित सम्मिलित होकर भगवान का दर्शन लाभ प्राप्त करते हैं, महोत्सव का शुभारंभ शाम 5.30 बजे महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज के कर कमलों से भगवान की विधिवत पूजा अर्चना के साथ की गई। इस अवसर पर देश के अनेक स्थानों से तीर्थाटन करते आए हुए संत-महात्मा भी काफी संख्या में सम्मिलित हुए। राजेश्री महन्त जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि - शिवरीनारायण अत्यंत प्राचीन धार्मिक नगरी है यहां महानदी जोक नदी एवं शिवनाथ नदी का त्रिवेणी संगम है। लोग दूर-दूर से आकर सावन झूला में सम्मिलित होते हैं और भगवान का दर्शन लाभ प्राप्त कर अपना जीवन धन्य बनाते हैं। उल्लेखनीय है कि यह झूला महोत्सव प्रत्येक दिवस शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक दर्शनार्थियों के दर्शन के लिए उपलब्ध होगा। झूला महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर त्यागी जी महाराज, सुखराम दास जी, पुरेंद्र सोनी, अंकित दुबे, राहुल मिश्रा, निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक प्रतिष्ठित नगरीक गण उपस्थित थे।

## बोल बम कावरिया संघ देवरतिल्दा के ग्रामीणों ने सत्यनारायण बाबाजी का दर्शन किया

**खरोरा।** बोल बम कावरिया संघ देवरतिल्दा के ग्रामीण भक्त लोग सोमवार को रायगढ़ वाले सत्यनारायण बाबा का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। और महादेव में जलाभिषेक कर कावरिया संघ ने रायगढ़ से यात्रा प्रारंभ किया इस यात्रा में वे संबलपुर, घंटेश्वरी, हीराकुंड बांध, नरसिंगनाथ, शिवरीनारायण, पतोरा डेम, खरौद, गिरौदपुरी और प्रमुख धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगे। यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र का सांस्कृतिक धरोहर को भी उजागर करती हैं, ग्रामीणों का उत्साह और भक्ति इस यात्रा को विशेष बनाता है। इस तरह के आयोजनों से स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और समाज में एकता का संदेश देता है।



## सिद्धेश्वर शिव मंदिर में 21 जोड़ों ने किया रुद्राभिषेक नागपंचमी पर गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे



**सिमगा।** सावन मास के तीसरे सोमवार को नागपंचमी पर नगर के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर शिव मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 21 दंपति जोड़ों ने आचार्य पंडित दउवा प्रसाद दुबे के सानिध्य में विधि-विधान पूर्वक भगवान भोलेनाथ का पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक, जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया गया तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की महाआरती कर सेवा मंडली द्वारा ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए शिवनाथ नदी-में 21 दंपति जोड़ों ने पार्थिव शिवलिंग को विसर्जित किया। यह आयोजन सिद्धेश्वर शिव मंदिर समिति द्वारा किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नागपंचमी के पावन पर्व पर यह भव्य आयोजन प्रथम बार संपन्न हुआ है। अब प्रतिवर्ष नागपंचमी पर यह आयोजन और भी भव्य होगा।

### मकानों की दीवारों में दरारें, जमीन में कंपन की शिकायत

# धनसुली में ब्लास्टिंग से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

ग्राम पंचायत धनसुली क्षेत्र में संचालित खदानों में हो रही तेज ब्लास्टिंग को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। बंगोली से करीब 2 किलोमीटर दूर स्थित इन खदानों में विस्फोट के चलते जमीन में कंपन, मकानों की दीवारों में दरारें आने और भू-जल स्तर गिरने की गंभीर शिकायतें सामने आ रही हैं।

मानकों की अनदेखी कर की जा रही ब्लास्टिंग से रिहायशी मकानों की छतों और दीवारों में दरारें आ रही हैं। लगातार खनन से कुओं और बोरवेल का जलस्तर घट रहा है, जिससे पेयजल और सिंचाई का संकट गहराने की आशंका है। ग्रामीणों ने मांग की है कि



खनिज, राजस्व, पर्यावरण विभाग और भू-जल विशेषज्ञों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावित मकानों का तकनीकी सर्वे व जलस्तर का वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाए। ब्लास्टिंग की अनुमति, विस्फोटक की मात्रा, भंडारण और आबादी से तय दूरी के नियमों के पालन की गहन जांच हो। नियमों के उल्लंघन पर खदान संचालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए तथा नुकसान की स्थिति में प्रभावितों को उचित मुआवजा दिलाया जाए।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर ठोस कदम नहीं उठाए, तो वे उग्र व लोकतांत्रिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

